Australian Government

Department of Infrastructure, Transport, Regional Development, Communications and the Arts

# दूरसंचार परिनियोजन

## मुझे क्या पता होना चाहिए?

शक्तियाँ और प्रतिरक्षण ढाँचा इन कार्यों के लिए वाहकों को सक्षम बनाता है:

- भूमि में प्रवेश करके निरीक्षण करना
- कम प्रभाव वाली सुविधाएँ स्थापित करना
- सुविधाओं का रख-रखाव करना।

राज्य और राज्य-क्षेत्र के कुछ कानूनों के तहत भी वाहकों को प्रतिरक्षण प्राप्त होता है, उदाहरण के लिए नियोजन कानून।

यह ढाँचा खंभे स्थापित करने के कार्य पर लागू नहीं होता है।



# वाहकों के दायित्व

- वाहकों को स्थापित करने से कम से कम 10 दिन पहले लिखित सूचना देनी होगी।
- भूस्वामी इस सूचना के विरोध में कई नियत आधारों पर आपत्ति कर सकते हैं।
- वाहकों को आपत्तियों के समाधान के लिए समुचित प्रयास करने चाहिए।
- भूस्वामी इस आपत्ति को दूरसंचार उद्योग लोकपाल (Telecommunications Industry Ombudsman) के समक्ष भेजे जाने के लिए निवेदन कर सकते हैं।
- यदि स्थापना आगे बढ़ती है, तो वाहकों को सुरक्षा/परिचालन आवश्यकताओं का पालन करना होगा।

# परिषदों की भूमिका

यदि भूस्वामी परिषद है और उनके पास परिनियोजन का विरोध करने के लिए कारण हैं, तो वे **आपत्ति** कर सकते हैं।

परिषदें इन तरीकों से दूरसंचार परिनियोजन के लिए **समर्थन** भी प्रदर्शित कर सकती हैं:

- समुदाय को आश्वस्त करना कि दूरसंचार परिनियोजन सुरक्षित है
- बेहतर कनेक्टिविटी के सामाजिक और आर्थिक लाभों को मजबूत बनाना
- पारस्परिक रूप से लाभकारी परिणाम (जैसे, परिदृश्य अच्छा दिखना, संचयी प्रभाव) प्राप्त करने के लिए वाहकों के साथ मिलकर पूर्वसक्रियात्मक रूप से कार्य करना।

INFRA4689

और अधिक जानकारी वेबसाइट
www.infrastructure.gov.au/powers-and-immunities
पर ऑनलाइन उपलब्ध है।